बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 159, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग 16

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15

आंवला के आलमपुर जाफराबाद और शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री ने किया सभाओं को संबोधित

ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

संवाददाता, बरेली/शाहजहांपुर

अमृत विचार : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

पीठ थपथपाकर बढ़ाया धर्मेंद्र का हौसला दुर्विजय के लिए भी की वोट की अपील

पीएम ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। लोगों का उत्साह देखकर लग रहा है कि वे सरकार के काम से काफी खुश है। संबोधन के दौरान लोगों से भी कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

कांग्रेस हो जाएगी विलुप्त सपा होगी समाप्त पार्टी

जनसभा को संबोधित करते राजनाथ सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खीरी में सपा, कांग्रेस पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह डायनसोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है। रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा को उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा प्रदेश होने के बाद उत्तर प्रदेश को जिस ऊंचाई पर चाहिए, उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचाया गया, लेकिन गर्व से कहना चाहता हूं कि जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है। कानून और व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त हुई हुई है।



दूसरे चरण का मतदान आज

नई दिल्ली। आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी।

इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शामिल हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस भाजपा को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है।

कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

एक नजर

युवक को रास्ते में घेरकर पीटा, दो के खिलाफ रिपोर्ट

अमरिया। थाना क्षेत्र के ग्राम तिरकुनिया नसीर के निवासी सज्जाद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल को उनका पुत्र फैज अमरिया से उदयपुर रोड से होता हुआ अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में उदयपुर गांव के पास पहुंचते ही दो लोगों ने उनके बेटे पर हमला कर दिया और लाठी डंडे से मारपीट की गई। इसकी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। पुलिस ने इस मामले में उदयपुर गांव के अमित और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दवा लेने जा रहे दंपती सड़क हादसे में घायल

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलुइया निवासी जकील गुरुवार को बाइक पर दवा लेने पूरनपुर जा रहे थे। बाइक पर उनकी पत्नी शायदा भी बैठी थी। खुटार मार्ग पर चीनी मिल के पास पहुंचने पर उनकी बाइक में अनियंत्रित गति से आई कार ने टक्कर मार दी। इसमें दंपति घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

जहानाबाद। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने बुधवार शाम जहानाबाद गेट के पास गन्ना क्रेशर के नजदीक स्थित पुलिया पर दबिश दी।यहां से पुलिस ने मोहल्ला काजीटोला निवासी शकील बेग को सट्टे की खाईबाड़ी करते पकड़ा। उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और 1700 रुपये बरामद हुए।

मंडी समितिः टैक्स से मालामाल...सुविधाएं देने में कंगाल

परिसर में लगे आधा दर्जन हैंडपंप खराब, तपती गर्मी में किसान और आढ़ती पानी के लिए परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः रोजाना लाखों रुपये की आय करने के बावजूद मंडी समिति में बुरा हाल है। मंडी परिसर में लगे आधा दर्जन से अधिक हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसकी वजह से मंडी में आने वाले किसान व आढ़ती पानी के लिए परेशान हैं। वॉटर स्टैंड पोस्ट खराब पड़े हैं। यहां जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। छुट्टा पशुओं के झुंड आढ़तियों व किसानों के लिए मुसीबत बने हुए हैं।

शहर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति उपज से टैक्स वसूलती है, लेकिन जिनसे टैक्स वसूली की जा रही है, मंडी प्रशासन उन्हें भी सुविधाएं नहीं दे पा रहा है। मंडी प्रशासन की ओर से परिसर में दी जाने वाली अधिकांश सुविधाएं बदहाल हैं। इससे बड़ी तादाद में मंडी आने किसानों व आढ़तियों को खासी परेशानी हो रही है। गर्पमी तेजी पकड़ती जा रही है। मगर, परिसर में लगे करीब आधा दर्जन हैंडपंप खराब पड़े हैं। वॉटर स्टैंड पोस्ट ठप पड़े हैं। मंडी परिसर में खाली पड़े स्थानों पर कूड़े का अंबार लगा है। परिसर में छुट्टा पशु घूमते रहते हैं। इनसे आढ़ती और फसल सब्जी वाले भी खासे परेशान है। मंडी निरीक्षक जहीर खां ने बताया कि खराब हैंडपंप दुरुस्त कराने संबंधी प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मंडी में धर्मकांटा के पीछे क्षतिग्रस्त पानी की टंकी।

सब्जी मंडी में गंदगी के बीच खराब पड़ा हैंडपंप और वहां बैठे छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

सब्जी मंडी में खराब पड़ा हैंडपंप।

● मंडी में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, आवारा पशु बन रहे मुसीबत

मंडी में टूटी पड़ी पानी टंकी।

मंडी में अव्यवस्था का माहौल है। शुद्ध पानी मिलना दूभर है। समस्या को लेकर कई बार लिखित रूप से मंडी प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया। अब मजबूरी में पानी खरीद का पीना पड़ रहा है। – सचिन सिंह, खाद्यान्न आढ़ती

पूरे मंडी में अलग-अलग जगहों पर लंबे समय से हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। गर्मी में पानी की सबसे ज्यादा जरुरत पड़ती है। आढ़ती हो या किसान, सभी को पानी के लिए भटकना पड़ता है। कृषक विश्राम गृह का हैंडपंप भी खराब पड़ा है। – भजन लाल क्रोधी, किसान नेता

मंडी में लगे बुनियादी सुविधा न के बराबर है। सबसे ज्यादा दिक्कत मंडी में आने वाले किसानों को हो रही है। अन्य सुविधाएं मिलना तो दूर शुद्ध और ठंडा पानी मिलना भी दूर – सचिन सिंह, खाद्यान्न आढ़ती की कौड़ी है। मंडी प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। – तोताराम, किसान

मंडी में पानी की समस्या तो लंबे समय से बनी हुई है। छुट्टा जानवर भी खुलेआम घूम रहे हैं। बोरों को फाड़ कर अनाज बिखेर देते हैं। कभी कभार तो इनकी भगदड़ से लोग चोटिल हो रहे हैं। मंडी प्रशासन को देखना चाहिए। –रामऔतार, किसान

मंडी में पानी के लिए भटकते हैं किसान

इन दिनों मंडी में गेहूं की खरीद चल रही है। इससे रोज बड़ी तादाद में किसान मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन इन किसानों को पीने का पानी भी मयस्सर नहीं हो पा रहा है। ऐसा ही कुछ हाल आढ़तियों का है। समस्या का समाधान न होता देख इन आढ़तियों ने वाटर कूलर मंगवाना शुरू कर दिया है। वॉटर स्टैंड पोस्ट भी ठप पड़े हुए हैं। कृषक विश्राम गृह में लगा इकलौता हैंडपंप भी खराब पड़ा हुआ है।

कूड़े के अंदर से निकलने वाली संड़ाध से हर कोई परेशान

मंडी प्रशासन परिसर की साफ सफाई के लिए हर माह बड़ी धनराशि खर्च करता है। इसके बावजूद मंडी में जगह-जगह कूड़ा देखा जा सकता है। चाहे खाद्यान्न मंडी हो या फिर फल सब्जी मंडी, हर जगह जगह कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। ऐसा भी नहीं कि मंडी में सफाई नहीं होती, लेकिन सफाई के नाम पर मात्र सड़कों पर झाड़ू लगाई जाती है उन्हें साफ सुथरा कर दिया जाता है ताकि मंडी में आने वाले अफसरों को सफाई होने का अहसास होता रहे। मगर, सफाई के नाम पर परिसर के भीतर ही खाली पड़े हिस्सों में कूड़े का अंबार देखा जा सकता है।

परिजनों ने डांट लगाई तो युवती घर से चुपचाप निकल गई

पीलीभीत, अमृत विचारः मोबाइल पर बात करने को लेकर परिवार वालों के डांटने पर नाराज होकर एक युवती घर का दरवाजा बाहर से बंद करने के बाद चुपचाप चली गई। बिठौराकलां मंदिर के पुजारी ने युवती को अकेला जाते देख पुलिस को सूचना दे दी। यूपी 112 पुलिस ने युवती को परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

● मंदिर के पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को समझाने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया

गुरुवार सुबह क्षेत्र की एक युवती मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस बीच उसे परिवार वालों ने देख लिया। इस पर उसे डांट दिया। इससे नाराज होकर युवती अपने घर से चुपचाप निकल गई। जाते समय वह घर के मेनगेट की कुंडी बाहर से बंद कर गई। इसके बाद वह बिठौराकलां गांव में एक मंदिर के पास जाकर बैठ गई। युवती को काफी देर तक बैठा देख पुजारी ने यूपी 112 पर सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो युवती ठीक से कुछ बता नहीं पा रही थी। इस पर पुलिस ने उसके परिवार वालों को बुला लिया। पुलिस ने समझाने के बाद युवती को परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत ने छात्राओं को बांटे साइकिल व बैग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत मातृशक्ति ने गुरुवार को अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी शुरुआत अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल,सचिव रोजी दीक्षित, प्रधानाचार्य उपासना शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई।

कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक की छात्राओं को सैनिटरी नैपकीन वितरित किए गए। छात्राओं को साफ सफाई से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। पर्यावरण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। पर्यावरण के महत्व को बताया और समझाया गया। छात्राओं को पेपर बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय की होनहार व जरूरतमंद छात्रा खुशी को साइकिल दी गई।

साइकिल वितरण का उद्देश्य छात्राओं का उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। ताकि वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए खुद को असमर्थ ना समझे।

संचालन क्लब की सचिव रोजी दीक्षित ने किया। इस मौके पर मोनिका बंसल,पूनम चंद्रा, भावना, प्रियंका, दीपाली, नेहा, स्वाति, प्रीति आदि मौजूद रहे।

पेपर बैग वितरित करतीं रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत की महिला पदाधिकारी।

जीजीआईसी न्यूरिया हुसैनपुर की मेधावी छात्राएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर में विज्ञान वर्ग की छात्राओं ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। जीव विज्ञान की परीक्षा में सम्मिलित 31 छात्राओं में से 14 विशेष योग्यता प्राप्त की है। इनमें छात्रा आंचल भारती को 93, अनामिका मिस्त्री को 86,अनीशा मंडल को 82, बबिता शिकारी को 79, बीना राय को 77, सीता को 76, नेहा को 90 ,शबीना को 85, काजल को 90, कविता मंडल को 94 ,दिया सील को 77, सुनंदा विश्वास को 90, संजना राय को 78, अंजली कुमारी को 91 अंक प्राप्त हुए। छात्रा नेहा ने 72.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया। प्रभारी प्रधानाचार्य उपासना वर्मा समेत अन्य स्टाफ ने मेधावियों को पुरस्कृत किया।

सम्मान पाकर हर्ष जतातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

नगर पालिका नियमित फॉगिंग कराए और सफाई पर ध्यान दे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने और नियमित फॉगिंग कराने के निर्देश दिए गए।

गांधी सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि समस्त विभाग आपसी समन्वय बनाकर रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए काम करें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य इस अभियान का नोडल विभाग है। अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेस (आईएलआई), क्षय रोग, कुपोषित बच्चों, मच्छरों का प्रजनन रोकने पर कार्य किए जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले वर्ष जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों से संबंधित केस पाए गए हैं, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। उन क्षेत्रों की आंगनबाड़ी, एएनम, आशा बहुओं के साथ बैठक करें। रोगों से बचाव के उपायों के प्रति संवेदित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के लिए कोटेदार और ग्राम प्रधानों का सहयोग लें। नगर पालिका और नगर पंचायतों के स्तर से भी काम किया जाए। डीएम ने कहा कि गांव व नगरों में साफ सफाई के साथ जलभराव व गंदगी वाले स्थानों पर लार्वा नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव कराते रहें। स्वास्थ्य शिविर लगाकर चेकअप करते रहें। डीआईओएस को निर्देश दिए कि स्कूल-कॉलेजों में मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए औषधीय पौधों का रोपण कराएं। नगर पालिका नियमित फॉगिंग करे। इस मौके पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी, डीपीआरओ सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

● विशेष संचारी अभियान की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मामूली बात पर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

जहानाबाद, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ग्राम शाही निवासी फईम बेग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल को वह बाइक से जहानाबाद आए थे। वहां से काम निपटाकर अपने घर लौट रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे शाही रेलवे क्रासिंग के पास लापरवाही से पिकअप चलाकर आ रहे व्यक्ति से उन्होंने ठीक से वाहन चलाने को कहा। इस पर पिकअप चालक ने अपने साथी संग मिलकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिटाई कर दी। राहगीरों ने बमुश्किल उसे बचाया। पुलिस ने मामले की वाहन नंबर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कार्यक्रम आयोजित कर मलेरिया के लक्षण व उपाय बताए

संवाददाता, अमरिया

अमृत विचारः सीएचसी परिसर में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को मलेरिया के लक्षण और उपाय बताए गए।

सीएचसी अधीक्षक डॉ.आलमगीर ने बताया कि मलेरिया एक प्रमुख वेक्टर जनित रोग है, जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। अगर मलेरिया का संक्रमित मच्छर काट लेता है तो स्वस्थ मनुष्य में 10 से 14 दिन बाद यह रोग विकसित होता है। इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने से उद्देश्य से ही हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इससे गर्भवती के साथ गर्भस्थ और नवजात को भी खतरा हो सकता है। चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा लेते रहे और उसे बीच में न छोड़ें। घरों में कीटनाशक का छिड़काव करें। खुली नालियों में मिट्टी का तेल डालें ताकि मच्छरों के लार्वा न पनपने पाएं। बताया कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगना, अत्यधिक पसीना आना, उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो इसे नजरअंदाज न करें। न ही स्वयं कोई इलाज करें। इस मौके पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. योगेश कुमार, जसीम हुसैन, मुशाहिद रजा, इरशाद अली खान, अफजाल अहमद, मोहम्मद नाजिम खान, आबिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

अमरिया सीएचसी परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी।

प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर छह अफसरों की ड्यूटी लगी

पीलीभीत, अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बरेली में होने वाले रोड शो को लेकर जिले के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसको लेकर एडीएम न्यायिक अजीत परेश, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के अलावा चार मजिस्ट्रेट को गुरुवार को रिलीव किया गया है। सभी अधिकारियों को रिलीव करते हुए संबंधित जनपद को सूचित कर दिया गया है। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री मोदी बरेली में शुक्रवार को रोड शो करेंगे। डीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि छह अधिकारियों की ड्यूटी लगी है।

राहत रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ी, जीआरपी रही मुस्तैद, लोकल ट्रेनों का संचालन न होने से स्थानीय यात्रियों में मायूसी

छह साल बाद पीलीभीत-पूरनपुर रेलवे ट्रैक से होकर गुजरी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः छह साल के लंबे इंतजार के बाद पीलीभीत-पूरनपुर नवनिर्मित रेलवे ट्रैक पर सवारी गाड़ियों को संचालन शुरू हुआ। इस रेल रूट से गुरुवार को लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन गुजरी। ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों की खासी भीड़ रही। पीलीभीत-पूरनपुर रेल रूट पर ट्रेन का संचालन शुरू होने से यात्रियों में खुशी का माहौल देखा गया।

लखनऊ-पीलीभीत रेल खंड में चार चरणों में आमान परिवर्तन का कार्य होना था। पहले चरण में लखनऊ से सीतापुर, दूसरे चरण में सीतापुर से लखीमपुर, तीसरे चरण में लखीमपुर से मैलानी और चौथे चरण में मैलानी से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन का कार्य होना था। तीन चरणों में काम पूरा होने के बाद रेल विकास निगम लिमिटेड ने मई 2018 में मैलानी-पीलीभीत रेल खंड पर मेगा ब्लॉक लिया गया था। जिसके बाद कार्यदायी संस्था द्वारा इस रेल खंड पर आमान परिवर्तन का कार्य शुरू किया गया। मगर, माला में वन विभाग की आपत्ति के चलते पिछले साल नवंबर में मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया गया। पिछले माह रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने दो दिवसीय निरीक्षण के बाद ट्रैक को हरी झंडी दे दी। इसके बाद इस नवनिर्मित रेल रूट पर मालवाहक गाड़ियों का संचालन किया गया। इधर रेल महकमे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए चार समर स्पेशल ट्रेनों की सौगात दी है। इसमें से तीन समर स्पेशल ट्रेनें पीलीभीत-पूरनपुर ट्रैक से होकर चलेंगी।

इधर, करीब छह साल बाद लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन पीलीभीत-पूरनपुर रेल रूट से होकर गुजरी। समर स्पेशल ट्रेन गुरुवार को अपने निर्धारित समय से करीब 30 मिनट देरी से पीलीभीत जंक्शन पर पहुंची। पहले ही दिन ट्रेन पर सवार होने वाले यात्रियों में खासी होड़ मची रही। सुरक्षा की दृष्टि से जीआरपी भी मौजूद रही। करीब पांच मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन अपने गंतव्य को रवाना हो गई। ट्रेन का संचालन होने से यात्रियों में खुशी का माहौल देखा गया, वहीं लोकल यात्रियों में लोकल ट्रेन का संचालन अभी तक शुरू न होने के कारण मायूसी भी देखी गई। कल शुक्रवार को रामनगर-लखनऊ समर स्पेशल ट्रेन इसी रूट से गुजरेगी। यह ट्रेन रामनगर से चलकर पीलीभीत जंक्शन पर दोपहर 1.25 बजे पहुंचेगी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

समर स्पेशल ट्रेन में बैठने जाते यात्री। ● अमृत विचार

अब 31 दिसंबर तक चलेगी टनकपुर-मथुरा स्पेशल

रेल प्रशासन द्वारा टनकपुर-मथुरा समर स्पेशल ट्रेन का संचालन पूर्व से किया जा रहा है। यह समर स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल तक संचालित की जानी थी। इधर रेल महकमे ने यात्रियों की सुविधा को देखते समर स्पेशल ट्रेन को अब 31 दिसंबर तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि अब टनकपुर-मथुरा समर स्पेशल ट्रेन 31 दिसंबर तक चलाई जाएगी। इस ट्रेन का संचालन प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को किया जाएगा। इस ट्रेन का मार्ग, ठहराव एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगी ।

28 से चलेगी टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेन, पूर्णागिरि जाने वालों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पीलीभीत जंक्शन से रोजाना शाम 4.10 बजे टनकपुर को होगी रवाना

● अग्रिम आदेश तक जारी रहेगा ट्रेन का संचालन

अमृत विचारः मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे बोर्ड 28 अप्रैल से टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा। मेला स्पेशल ट्रेन पीलीभीत जंक्शन से रोजाना शाम 4.10 बजे रवाना होगी। ट्रेन का संचालन अग्रिम आदेशों तक किया जाएगा।

टनकपुर के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरि धाम में होली के बाद मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में जनपद के अलावा देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर ही गुजरते हैं। इसको लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाता है। इस बार भी रेलवे प्रशासन ने मेला यात्रियों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए पहली अप्रैल से कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन संचालित किया जा रहा है। इधर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक और टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के मुताबिक गाड़ी संख्या 05308 बरेली-टनकपुर ट्रेन बरेली जंक्शन से दोपहर 2.25 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन इज्जतनगर, भोजीपुरा होते हुए पीलीभीत जंक्शन पर शाम 4.05 बजे पहुंचेगी। पांच मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन मझोला, खटीमा, बनबसा होते हुए शाम 5.55 बजे टनकपुर स्टेशन पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन टनकपुर से रात्रि 9.30 बजे पर रवाना होकर रात्रि 10.55 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचेगी। पीलीभीत में पांच मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन बरेली के लिए रवाना हो जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्पेशल ट्रेन 28 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक संचालित की जाएगी।



फुटपाथ पर बने पुलिस पिंक बूथ पर गरजी जेसीबी

चिह्नित सभी ब्लैक स्पॉट से हटाया जाएगा अतिक्रमण, नगर पालिका प्रशसन तैयार कर रहा खाका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः सड़क हादसों में आए दिन लोगों की जान जा रही है। दुर्घटनाओं की एक बड़ी वजह सड़कों पर फैला अतिक्रमण है। बुधवार हुई सड़क सुरक्षा समिति में चिह्नित ब्लैक स्पॉट से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया था। इसकी शुरूआत गुरुवार को टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा के पास फुटपाथ पर बने पुलिस के पिंक बूथ से की गई। एसपी के निर्देश पर जेसीबी से पुलिस पिंक बूथ को ढहा दिया गया। इसके बाद अन्य चिह्नित स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है।

जिले में सड़क हादसों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। इस सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में 12 लोगों की जान चली गई। बुधवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट पर अतिक्रमण हटाने और यातायात नियमों का पालन कराने के निर्देश। एसपी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से दुर्घटनाओं के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद बुधवार देर शाम अधिकारियों ने शहर में भ्रमण कर मौजूदा हालात देखे।

शहर का छतरी चौराहा ब्लैक स्पॉट चिह्नित है। यहां पिछले कई सालों से फुटपाथ पर निर्माण चल रहा था। इसमें पहले सुनगढ़ी थाने की कस्बा चौकी संचालित थी। फिर इसे पिंक बूथ के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस के पिंक बूथ को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों का मानना था कि इस बूथ के निर्माण के चलते एक साइड से आने वाले वाहन चालकों को आगे का आवागमन ठीक से दिखाई नहीं दे पा रहा था।

चौराहा के आसपास दुकान लगाने वालों को अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश न मानने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चूंकि अतिक्रमण हटाने की शुरुआत पुलिस के पिंक बूथ से की गई है, इसलिए अतिक्रमण करने वालों को सख्ती का डर सताने लगा है। अफसरों का कहना है कि पहले सभी से सहयोग की अपील की जाएगी। अगर इसके बाद भी हालात न सुधरे तो सख्त कार्रवाई होगी। नगर पालिका की ओर से कार्रवाई का खाका तैयार कराया जा रहा है। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई की जाएगी।

शहर में छतरी चौराहे के पास फुटपाथ पर बने पुलिस पिंक बूथ को ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम-एसपी ने लिया निर्णय
- एसपी के निर्देश पर ढहाया गया फुटपाथ पर बना पिंक पुलिस बूथ

बाज नहीं आ रहे अतिक्रमणकारी

एसपी के निर्देश पर गुरुवार को पुलिस बूथ को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। मगर अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दिया। हाईवे से लेकर शहर के मुख्य मार्गों पर गांधी स्टेडियम रोड, जेपी रोड, रेलवे स्टेशन रोड आदि पर दुकानें के आगे फुटपाथ पर दुकानों सजी रहती हैं। यातायात नियमों का पालन करने में वाहन चालकों में जागरुकता का अभाव दिखा। दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग युवा करते रहते हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सफर भी किया जाता रहा। जबकि कई बार हादसे भी हो चुके हैं।

> जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर नगर पालिका की ओर से प्लानिंग तैयार की जा रही है। गुरुवार को छतरी चौराहे के फुटपाथ पर बने पिंक बूथ को ध्वस्त करा दिया गया है। कार्रवाई का खाका तैयार करने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एक्शन लिया जाएगा। -इंद्रजीत सिंह, जेई नगर पालिका

हाईवे पर वाहन पार्किंग करने पर होगी कार्रवाई

पूरनपुर, बरेली, बीसलपुर, मझोला आदि मार्गों पर सड़क किनारे कई जगह ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि बड़े वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। कई जगह रोड किनारे निर्माण सामग्री के ढेर लगे रहते हैं। इन दुकानों के आगे सामान रख दिया जाता हे। ये भी हादसे का सबब बनते हैं। इसके लिए एआरटीओ को चालान करने की जिम्मेदारी दी गई है।

ओवरस्पीड वाहन दौड़ाने पर 45 का चालान, जुर्माना वसूला

हाईवे पर चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- एआरटीओ ने बीसलपुर और पूरनपुर क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचारः सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में चेकिंग अभियान चला। बीसलपुर और पूरनपुर क्षेत्र में 45 वाहनों का चालान किया गया और 132000 रुपये जुर्माना वसूला गया।

एआरटीओ ने बताया कि तीन वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पाए गए। ओवरलोडिंग पर तीनों वाहनों को सीज कर 32000, 42000 और 55000 रुपये जुर्माना प्रशमित किया गया है। वहीं, बिना फिटनेस, बिना टैक्स एवं परमिट समाप्त होने के बावजूद मार्ग पर संचालित हो रहे वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बरेली मंडल से इंटरसेप्टर मंगाकर ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों की चेकिंग की गई। व्यावसायिक वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 60 किमी प्रति घंटा और हल्के मोटर वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटा की गति सीमा निर्धारित है। ओवर स्पीड मिलने पर 45 वाहनों के चालान कर 132000 रुपये जुर्माना वसूला गया है। एआरटीओ ने बताया कि वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एक नजर

पति समेत छह पर एफआईआर दर्ज

बरखेड़ा। थाना पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से दहेज उत्पीड़न, गर्भपात कराने और छेड़छाड़ आदि की धाराओं में पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले शाहजहांपुर जनपद के तिलहर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से हुई थी। एक साल तक सब ठीक चलता रहा। मगर बेटी के जन्म के बाद ससुराल वाले मारपीट करने लगे। बेटी को मारने की धमकी दी जाती थी। दोबारा गर्भवती होने पर ससुराल वालों ने जबरन गोली खिलाकर गर्भपात करा दिया। कुछ ससुरालियों ने छेड़छाड़ की। इसके बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

मां-बेटे को पीटकर किया लहूलुहान, जांच शुरू

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल की रात नौ बजे उसकी बहन रामा देवी और भांजे शिवकुमार से गांव के लालता प्रसाद और झम्मन लाल ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमलाकर पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रहे हैं।

झाड़ियों में मिला भ्रूण सुचना पर पहुंची पुलिस

पीलीभीत। टनकपुर हाईवे पर किनारे नकटादाना चौराहा के पास गुरुवार सुबह झाड़ियों में भ्रूण पड़ा मिला। राहगीरों की नजर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल नरेश त्यागी मौके पर पहुंचे और जानकारी की। भ्रूण दो से तीन दिन पुराना बताया जाता है, जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिपाही व उसकी प्रेमिका पर किशोरी की हत्या का शक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मोबाइल में मिले फोटो के आधार पर परिजनों ने जताया शक एसपी से की शिकायत
- किशोरी व सिपाही की प्रेमिका के बीच थी दोस्ती, सहेली के मोबाइल से करती थी बात

अमृत विचारः जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमखिड़िया में एक किशोरी की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मोबाइल में निकले फोटो के आधार पर सिपाही, उसकी प्रेमिका व अन्य साथियों की मदद से किशोरी की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सिपाही ने अपने प्रेम प्रसंग की बात छिपाने के लिए उनकी बेटी को मार दिया। एसपी के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

ग्राम अमखिड़िया निवासी जाकिरा पत्नी इकबाल अहमद ने एसपी को बताया कि वह पति के साथ नेपाल के एक ईंट- भट्ठा पर काम करती है। उनकी 16 वर्षीय पुत्री शीरी अपने दादा-दादी के साथ गांव में रहती थी। उनकी पुत्री की एक सहेली उसके मोबाइल से अक्सर बातचीत किया करती थी। उसका एक सिपाही से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन दोनों ने कई बाद मोबाइल पर आपस में बातचीत की।

उनकी बेटी के मोबाइल में सिपाही व उसकी प्रेमिका से जुड़े कुछ फोटो भी थे। आरोप है कि 13 अप्रैल की रात सिपाही ने अपनी प्रेमिका व एक अन्य बिचौलिये संग मिलकर पीड़िता की पुत्री की हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलने पर जब वह गांव पहुंची तो आरोपियों ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों की मदद से पीड़िता की बेटी का शव सुपुर्द ए खाक कर दिया था। इसके कुछ दिन बाद उन्हें बेटी का क्षतिग्रस्त मोबाइल मिला। जिसे ठीक कराने पर सिपाही व उसकी प्रेमिका के संबंधित फोटो मोबाइल में मिल गए। आरोप है कि इसी के चलते उसकी बेटी की हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोपी सिपाही से बेटी की मौत को लेकर कुछ सवाल किए तो उसने जेल भेजने की धमकी दे डाली। थाना जहानाबाद में पहले शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब एसपी से इंसाफ की गुहार लगाई है।

> किशोरी की मौत 13 अप्रैल को हुई थी। इसके बाद शव सुपुर्द ए खाक भी कर दिया गया। कुछ दिन बाद मोबाइल में कुछ फोटो मिलने पर परिवार को शक है कि उनकी बेटी की हत्या हुई है। इसको लेकर शिकायत पत्र दिया गया है। मामले की जांच चल रही है। -मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर जहानाबाद

मुरादाबाद में तैनात है आरोपी सिपाही

जिस सिपाही पर किशोरी की हत्या का आरोप है वह पहले जहानाबाद थाने में तैनात था। इसके बाद उसका तबादला मुरादाबाद हो गया। वर्तमान में वह मुरादाबाद में तैनात है। परिजनों ने बेटी का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

मैं पुलिस वाला हूं, मेरे पास सब इंतजाम है...

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में किशोरी परिजनों बताया है कि जब उन्होंने सिपाही से बेटी की मौत को लेकर सवाल किए तो भड़क गया। उसने कहा कि मैं पुलिस वाला हूं, मेरे पास सब इंतजाम हैं। अगर उसकी प्रेमिका को कुछ हुआ तो परिवार वालों की भी जान ले लेगा। इसके बाद से परिवार डरा सहमा है।

चेक बाउंस के मामले में आरोपी को एक वर्ष कैद, 10 लाख रुपये जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- जुर्माने की पूर्ण धनराशि परिवादी को अदा करने के आदेश
- एसीजेएम आनंद कुमार ने पांच साल पुराने मामले में सुनाया फैसला

अमृत विचारः सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी/ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार ने पांच साल पुराने चेक अनादरण के मामले में फैसला सुनाया। सुनवाई के बाद आरोपी थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम चिड़ियादाह निवासी इदरीस अंसारी पुत्र मकबूल को दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और 10 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की पूर्ण धनराशि परिवादी हाजी मोहम्मद मियां को अदा की जाएगी।

अभियोजन कथानक के अनुसार परिवादी मुकदमा थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला बशीर खां निवासी हाजी मोहम्मद मियां ने न्यायालय में वर्ष 2019 में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें बताया था कि जुलाई 2018 में उसने छह लाख रुपये आरोपी इदरीस अंसारी को कृषि भूमि खरीदने के लिए एक माह के लिए उधार दिए थे। तय समय पर आरोपी द्वारा परिवादी को रुपये वापस नहीं किए गए। आरोपी ने एक्सिस बैंक का छह लाख रुपये का चेक 23 मई 2019 को परिवादी के नाम से दिया। चेक का भुगतान परिवादी को आरोपी के बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण नहीं हो सका।

धनराशि प्राप्त न होने पर परिवादी हाजी मोहम्मद मियां ने आरोपी इदरीस अंसारी के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया और न्यायालय से छह लाख रुपये दिलाने की याचना की।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनन्द कुमार ने दोनों पक्षों को सुनने एवं पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी इदरीस अंसारी को चेक के अनादरण का दोषी पाते हुए एक वर्ष कैद और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बीसलपुर

सीएचसी में हादसे की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

- शाहजहांपुर रोड पर नीवाडांडी गांव के पास हुआ हादसा

मृतक सत्येंद्र कुमार।

अमृत विचारः घरेलू सामान की खरीदारी करके लौट रहे बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा शाहजहांपुर रोड पर नीवाडांडी गांव के पास हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरगापुर निवासी लालाराम का पुत्र सत्येंद्र कुमार (28) गुरुवार दोपहर घरेलू सामान खरीदने बाइक पर शहर गया था। खरीदारी करने के बाद वापस घर लौट रहा था। बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर नीवाडांडी गांव के पास पहुंचने पर शाहजहांपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद कुछ ही देर में आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में घायल को सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने सत्येंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। इसका पता लगने पर परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण सीएचसी पहुंच गए। फिर तो वहां कोहराम मचने लगा। मृतक की पत्नी सरला देवी, मां विद्या देवी का रोकर बुरा हाल रहा। उन्हें परिचित और रिश्तेदार ढांढस बंधाने में जुटे रहे। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। परिवार वालों से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है।

अचानक तबीयत बिगड़ने से संविदा कर्मी की मौत

बीसलपुर, अमृत विचारः स्वास्थ्य विभाग की एक महिला संविदा कर्मचारी की अचानक तबीयत खराब हो गई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंद्ध 108 व 102 एम्बुलेंस पर बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मचवाखेड़ा निवासी मोहित कुमार की पत्नी प्रभा देवी (24) संविदा पर कार्यरत थीं। बुधवार को वह रोज की तरह ड्यूटी करने के बाद अपने घर चली गईं। रात करीब 10 बजे अचानक प्रभा देवी की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिवार वाले उन्हें सीएचसी ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर रात जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों से जानकारी लेते डीएम संजय कुमार सिंह।

- सीसीटीवी कैमरे चेक किए, कंट्रोल रूम की व्यवस्थाएं देखीं, जवानों से बात की

अमृत विचारः जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम ने गुरुवार को मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के साथ कंट्रोल रूम की व्यवस्थाएं भी देखीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद से सभी ईवीएम मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में विधानसभावार कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। परिसर में स्ट्रांग रूम वाले हिस्से के आसपास आमजन की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध है। वहीं, ड्यूटी पर आने वालों का परिचय पत्र देखने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम संजय कुमार सिंह ने मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांगरूम की सुरक्षा में तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी की जांच करने के साथ कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को भी देखा। इसके अलावा उन्होंने मंडी में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के संबंध में जानकारी ली और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्ट्रांग रूम का सुबह और शाम को किया जाएगा निरीक्षण

प्रथम चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद स्ट्रांगरूम की सुरक्षा को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। रिटर्निंग और सभी संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुबह-शाम मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे। इसको लेकर निर्वाचन आयोग ने आदेश जारी किया है। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी साप्ताहिक निरीक्षण कर रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित करेंगे। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने सभी सहायक रिटर्निंग अफसरों को निर्देशित किया है।

फसलें बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु, हमले का रहता है डर

घुंघचिहाई मुख्य मार्ग पर जाता पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

अमृत विचारः लोगों को छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। छुट्टा पशु खेतों फसलें बर्बाद कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों पर हमला भी कर देते हैं। इन दिनों खेतों में गन्ना और साठा धान की पौध तैयार की है।जिसे छुट्टा पशु नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम लुकटिहाई ,सिमरिया ,दिलावरपुर केशवपुर, गुलरिया भूपसिंह, गोपालपुर, बलरामपुर समेत कई गांवों में छुट्टा पशुओं के झुंड विचरण करते रहते हैं। सड़कों पर भी पशुओं से हादसे का डर बना हुआ है। खेतों में फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। इस दौरान पशु हमला न कर दें इसका डर भी सताता रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान सचिव से समस्या के समाधान की मांग की है।

शीशम के पेड़ काटने में खेत मालिक पर दर्ज होगा केस

पूरनपुर, अमृत विचारः शीशम की लकड़ी बरामद होने के मामले में वन विभाग खेत मालिक के खिलाफ केस दर्ज करेगा। चोरी छिपे ठेकेदार ने खेत स्वामी की मदद से सात पेड़ काटे थे। 13 अप्रैल को शेरपुर कलां रोड पर एक प्लाट से शीशम के 46 बोटे बरामद किए गए थे। वन विभाग ने इस मामले में ठेकेदार असलम के खिलाफ केस दर्ज किया था। वन विभाग पेड़ काटने के मामले की जांच कर रहा था। इस दौरान जानकारी मिली कि सिंहपुर गांव के एक किसान के खेत से पेड़ काटे गए हैं। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि सिंहपुर गांव के मंगल सिंह पुत्र जीत सिंह के खेत से शीशम के सात पेड़ काटे गए थे। मंगल सिंह के खिलाफ भी केस दर्ज किया जाएगा। पेड़ों के काटने की अनुमति नहीं ली गई थी।

मेला गए ग्रामीण को पीटा, लूट का आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा

अमृत विचारः मेले देखने गए युवक से मारपीट की गई। आरोप है कि नकदी भी लूट ली। बरखेड़ा पुलिस ने लूट की घटना को फर्जी बताते हुए घटनास्थल दियोरियाकलां क्षेत्र का बताया है।

थाना क्षेत्र के गांव भैसहा ग्वालपुर निवासी किशन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ अप्रैल को वह दियोरियाकलां क्षेत्र स्थित इलाबास देवल स्थल पर लगे मेला देखने गए थे। शाम करीब पांच बजे गांव पिपरिया मंडन निवासी एक व्यक्ति ने गाली गलौज की। विरोध करने पर झगड़ा करने लगा। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद पीड़ित अपने घर जा रहा था तो रास्ते में गांव खरगापुर पुल के पास उसे आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों की मदद से रोक लिया। तमंचा दिखाकर धमकाया और मारपीट की। सात हजार रुपये भी लूट लिए। दूसरे दिन नौ अप्रैल को थाने गए तो सुनवाई नहीं हुई।

इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान का कहना है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं और साथ में मेला गए थे। मेले में मारपीट हुई थी। घटनास्थल दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में आता है। इसके अलावा खरगपुर गांव के पास का पुल भी दियोरियाकलां क्षेत्र में है। रुपये छीनने का आरोप जांच में झूठा निकला है।

भैंस को पानी पिलाने जा रहे युवक को पीटा

जहानाबाद। भैंस लेकर जा रहे ग्रामीण से गांव के ही युवक ने मारपीट कर दी। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन कारण पूछने गए तो उन पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर खास के निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र शेखर गांव में ही स्थित तालाब में बुधवार को भैंस को पानी पिलाने के लिए गया था। इस बीच रास्ते में गांव के ही पवन कुमार ने गाली गलौज की। जब विरोध किया तो बेटे की पिटाई कर दी। बेटा रोते हुए घर आया और घटना बताई। इस पर वह परिवार के अन्य सदस्यों संग आरोपी के पास पहुंचे और मारपीट करने का कारण पूछा। आरोप है कि इस पर आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर परिवार वालों की भी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पर उन्हें, मां प्रेमवती, भाभी कमला देवी की पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि मामले में पवन कुमार, कमल, ममता और रमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं व पशु तस्करों के बीच धक्का-मुक्की

संवाददाता, पूरनपुर

- पुलिस ने तस्करी के आरोपियों को हिरासत में लिया, एफआईआर दर्ज

अमृत विचारः पशुओं को पीटते हुए हत्या करने के मकसद से ले जा रहे दो तस्करों को भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच धक्का मुक्की भी हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

यह घटना बुधवार रात की है। भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि हुसैनापुर गांव के पास तीन तस्कर दो गोवंशीय पशुओं को मारते पीटते ले जा रहे हैं। गांव के किनारे बाग में पशुओं की हत्या की जाएगी। सूचना मिलने पर कार्यकर्ताओं ने बाग की तरफ जाकर घेराबंदी की। दो तस्करों को घेरकर पकड़ लिया, जबकि तीसरा भाग गया। आरोप है कि पकड़े गए तस्करों ने पशुओं को छुड़ाने के लिए कार्यकर्ताओं से धक्का मुक्की की। पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम मोहल्ला कुरैशियान शेरपुरकलां निवासी नाजिम और महमूद बताया। दो गोवंशीय पशु भी बरामद हुए। इसकी सूचना देने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची गई और दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने इस मामले में विशाल अग्निहोत्री की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सेंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

फाइनल में लाल सदन ने छह विकेट से हरा सदन को हराया

मैन ऑफ द मैच महफूज बने, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अनमोल को मिला

संवाददाता, मझोला

अमृत विचार: एसके पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रबंधक जगजीत सिंह, अकादमिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चंद्र तिवारी ने शुरुआत कराई। फाइनल मैच लाल सदन ने जीता।

फाइनल मैच गुरुवार को हरा सदन व लाल सदन के बीच खेला गया। हरा सदन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 15 ओवर में छह विकेट खोकर 150 रन बनाए। रमेश ने 33 गेंदों में 61 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी लाल सदन की टीम 14.3 ओवर में चार विकेट खोकर 151 रन बनाकर मैच जीत लिया। महफूज अली ने सर्वाधिक 18 गेंदों में 50 रन की पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अनमोल सिंह को मिला। उन्होंने दो ओवरों में तीन विकेट लिए थे। विजयी टीम को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल का महत्व भी खिलाड़ियों को बताया गया। इस मौके पर दीवान सिंह, जयदीप सिंह, अनूप, जीएस पंत, हरीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, सीपी सक्सेना, पंकज शुक्ला, नरेंद्र देव शर्मा, माखनलाल आदि रहे।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

संवाददाता, गजरौला

- पिता ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप मृतका के ससुराल वालों पर लगाया

अमृत विचार: संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया। सीओ सिटी ने मौका मुआयना कर जानकारी की।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पुरवा भूड़ा निवासी महेश सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने थाना गजरौला में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बीस वर्षीय पुत्री की तनु सिंह की शादी 14 माह पूर्व शिवनगर गांव निवासी केशव सिंह से हुई थी।

आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग की जाती थी। इसके पूरा करने में असमर्थता जताने पर मारपीट करते थे। गुरुवार शाम करीब चार बजे उन्हें सूचना मिली कि ससुराल में बेटी की मौत हो गई है। इस पर वह परिवार के अन्य सदस्यों संग पहुंचे। दहेज की खातिर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाए। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला रूपा बिष्ट ने मौका मुआयना कर जानकारी की। आसपास के ग्रामीणों से भी घटना को लेकर जानकारी की गई।

बताते हैं कि इस दौरान विवाहिता के बीमार होने और अस्पताल में मौत होने की जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में 157 बच्चों का चयन

पीलीभीत, अमृत विचार: राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग पीलीभीत जनपद से 157 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें पीएम श्री विद्यालय कंपोजिट कैंच का दबदबा रहा। कैच विद्यालय से 19 विद्यार्थियों का चयन हुआ। दो बच्चे यश और अर्जुन गंगवार टॉपर रहे।

इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय टाहा पौटा के छह बच्चे क्रमशः योगेश कुमार, कौशल, आर्यन सिंह, शिवम, विशाल वर्मा, राहुल का चयन हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय बलदेवपुर चाटडांग की छात्रा शालिनी, कंपोजिट विद्यालय नवादिया घीसी से दिव्यांशी राजपूत का चयन हुआ। चयनित बच्चों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बीएसए अमित कुमार सिंह, खंड शिक्षाधिकारी शिवशंकर मौर्य, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री प्रखर मिश्र ने बधाई दी।

मानसिक तनाव के चलते युवती ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

संवाददाता, बंडा

- बीते रविवार को बिलंदपुर जंगल में फांसी लगाकर भाई ने दे दी थी जान
- भाई की मौत के बाद से परेशान रहने लगी थी सोनी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचारः भाई की मौत के बाद से बिगड़े मानसिक तनाव के चलते युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोनी देवी

गांव ददिउरी निवासी रामलली ने बताया कि उसके पुत्र धर्मेंद्र ने रविवार को बंडा के बिलंदपुर जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से घर के सभी लोग काफी परेशान थे। धर्मेंद्र की मौत के बाद से उसकी बहन सोनी देवी(19) ने खाना पीना सब कुछ छोड़ दिया था, तब से उसकी तबियत खराब रहने लगी थी । काफी समझाने के बाद भी उसने खाना नहीं खाया और उल्टी सीधी हरकतें करनी शुरू कर दी थीं। गुरुवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह चारपाई पर लेट गई। उसे उल्टी आई तो वह पानी पीकर फिर से चारपाई पर आराम करने की बात कहकर लेट गई। जब घर के सभी लोग बाहर थे, तभी अपने ही दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर कमरे में आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत से भाई छबीले, आकाश, मां रामलली देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

सड़क हादसों में चाचा-भतीजे समेत नौ घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार: अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में चाचा-भतीजे समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों में सात लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जलालाबाद नगर के गल्ला व्यापारी मुनीष गुप्ता पिपरा वाले की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार कराकर घटिया घाट से कार द्वारा वापस लौट रहे उनके भाई दिनेश गुप्ता रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार गांव ठिंगरी के पास अचानक खाई में पलट गई। दुर्घटना में दिनेश गुप्ता, उनका भतीजा आकाश गुप्ता, साले शिवकुमार गुप्ता एवं भतीजा विकेश गुप्ता एवं कल्लू गुप्ता घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। उधर, उबरिया मंदिर के निकट तेज गति से आ रही कार ने ई रिक्शा के टक्कर मार दी। जिससे दो यात्री व ई-रिक्शा चालक गांव ढका तालुका उजेरा निवासी शिव सिंह घायल हो गया।

सार-संक्षेप

बरखेड़ा में श्रीराम नवमी उत्सव मेला शुरू

बरखेड़ा। कस्बे में तीन दिवसीय श्रीराम नवमी उत्सव बुधवार रात से शुरू हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेला 26 अप्रैल तक चलेगा। मेला कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद्र मौर्य ने अतिथियों को पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया। मेला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पप्पन आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन राजेंद्र पाठक उर्फ राजू ने किया। इस मौके पर विवेक कुमार सक्सेना उर्फ मर्फी, लक्ष्मीकांत भोजवाल, हरीओम भोजवाल, जितेंद्र सैनी, प्रदीप भोजवाल, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

गर्मी में गोवंश के लिए रखें पानी के पर्याप्त इंतजाम

मझोला। तहसील अमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिरहनी में स्थित भरा पचपेड़ा गोशाला का गुरुवार को लेखपाल विनय गंगवार ने निरीक्षण किया। गोवंश को गुड़ और चना खिलाया गया। गोवंश की देखरेख में लगे कर्मचारियों से जानकारी की। परिसर में ही बोये गए चारे की स्थिति परखी। गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई दिक्कत आती है तो तत्काल बताएं। उसका समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर भारत सिंह राजपूत, कड़ेराम, सुच्चा सिंह, बलवीर सिंह, देवकुमार आदि मौजूद रहे।

52 जोड़े दांपत्यसूत्र में बंधे, लोगों ने दिया आशीर्वाद

पलिया कलां में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दांपत्य सूत्र में बंधे जोड़े। ● अमृत विचार

संवाददाता पलिया कलां

अमृत विचार : नगर की प्राचीन हनुमान मठिया सेवा समिति के सेवादारों ने बालाजी मित्र मंडल के तत्वाधान में चल रहे हनुमान जन्मोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को पूरी भव्यता के साथ सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 52 जोड़ों ने अंगूठी व माला पहनकर तथा अग्नि को साक्षी मानकर जीवन भर एक दूसरे के साथ रहने की शपथ ली। इस मौके पर पहुंचे दर्जनों सम्भ्रांत नागरिकों, परिजनों व रिश्तेदारों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

हनुमान मठिया के पुजारी पंडित मयंक अवस्थी, राजा अग्निहोत्री, रिंकू दुबे तथा रानू पांडे ने उनका विवाह कराया। मठिया सेवा समिति ने एक-एक बेड ,अलमारी ,पंखा ,डिनर सेट, बर्तन ,वस्त्र, ज्वेलरी ,घड़ी, मिक्सी, मेवा, मिष्ठान आदि प्रदान किया गया। सेवा समिति के प्रमुख सेवादार मानवेंद्र वाजपेई उर्फ मानू, सुधीर गुप्ता, मनीष गुप्ता, दिनेश गर्ग ,अमन गर्ग, ऋषि मंगल गुप्ता, राम चंद्र शुक्ल, संदीप बंसल, अमित महाजन , वरुण गुप्ता, सीताराम गर्ग, बीना गुप्ता, दीपिका, उर्मिला शुक्ला, शशि गुप्ता, कृष्णा वर्मा, पुष्पा, निधि आदि ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

एक नजर

पहले दिन ही आधा घंटे लेट रही लालकुआं हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन

मैलानी। अमान परिवर्तन और विद्युतीकरण के बाद बृहस्पतिवार को पहली साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन पीलीभीत होकर मैलानी पंहुची। यह ट्रेन सीतापुर से बुढ़वल होते हुए हावड़ा तक जाएगी। पहले ही दिन समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन आधे घंटे की देरी से मैलानी जंक्शन पंहुची। लखनऊ से बरेली वाया लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत होते हुए बरेली का रुट खुल गया है। बृहस्पतिवार से इस रूट ट्रेन संचालन भी शुरु हो गया पहली ट्रेन लालकुंआ से पीलीभीत के रास्ते मैलानी और सीतापुर बुढ़वल होते हुए हावड़ा के लिए रवाना हुई, जो अपने निर्धारित समय से 30 मिनट लेट 7 :22 पर मैलानी पहुंची।

तहसीलदार ने किया 120 बूथों का निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ। लोकसभा में मतदान से पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के पालन में तहसीलदार सुखवीर सिंह ने अपने क्षेत्र के 120 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। सात बूथों पर कुछ कमियां दिखाई दीं हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणयती के बूथ संख्या 183 और 184 पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय हफीजपुर लिखा पाया गया। प्राथमिक विद्यालय पिपरिया डीह के प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 234 लिखी नहीं पाई गई। प्राथमिक विद्यालय बहेरा में नल खराब मिला। कुछ बूथों पर नल का तिरछा होना, कक्षों पर कक्ष संख्या न लिखा होने पर उन्हें सुधारने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए गए। तहसीलदार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरश: पालन कराने का प्रयास किया जाएगा।

आग में ननद-भाभी जिंदा जलीं, 29 घर राख, दो लोग झुलसे

सिंगहा कलां गांव में लगी आग: 12 पशुओं की जलकर मौत, ट्रैक्टर-अनाज, कपड़े, बर्तन समेत अन्य सामान आग की भेंट चढ़ा

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को भीषण आग लग गई। 29 घर राख हो गए। आग में फंसी एक महिला और उसकी ननद की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। 12 पशु भी जिंदा जल गए। कई पशु झुलस गए। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। एसडीएम ने हालातों का जायजा लिया।

गांव सिंगहा कलां निवासी भागीरथ के पक्के कमरों के सामने छप्पर पड़े थे। दोपहर करीब 12 बजे भागीरथ की बहन संगीता (35) अपने बेटे सचिन (13) के साथ कमरे में, जबकि भागीरथ की पत्नी रामगुनी (50) व बहू पूजा पत्नी सहजराम छप्पर में सो रही थीं। इसी बीच छप्परों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें कमरे को छूने लगे। संगीता ने शोर मचाते हुए किसी तरह सचिन को बाहर निकाल दिया, लेकिन खुद फंस गई और जिंदा जलकर मौत हो गई। छप्पर में सो रही पूजा जैसे-तैसे बाहर निकल आई, लेकिन उसकी सास रामगुनी नहीं निकल पाई और उसकी भी झुलसकर मौत हो गई। उन्हें बचाने के लिए घर में घुसे बांके और सहजराम लपटों की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

देखते ही देखते आग ने 29 घरों को चपेट में ले लिया। गांव में चीख-पुकार मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस दोनों झुलसे युवकों को सीएचसी लाई। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बांके को लखनऊ रेफर कर दिया। इस अग्निकांड में सहज राम की दो बकरी, बांके लाल की चार बकरी, राजाराम की चार बकरी, एक गाय और भैंस जलकर मर गईं। चारा मशीन, नगदी, अनाज, कपड़ा, बर्तन, ट्रैक्टर समेत 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीम चंद आदि मौके पर पहुंचे और नुकसान का सर्वे कराया। अग्निकांड में दो मौतों के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया।

गांव सिंगहा कलां में आग बुझाने के दौरान जुटे बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

आग पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने काबू पाया

आग पर काबू पाने के लिए पलिया, धौरहरा, निघासन और लखीमपुर की फायर सर्विस की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंचती। तब तक आग काफी हद तक शांत हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पूरी तरह से बुझाई।

अग्नि पीड़ितों से बातचीत करते एसडीएम निघासन अश्वनी कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कांप गांव में आग से 13 घर राख, लाखों की नगदी जली

भीरा। किशनपुर सेंचुरी जंगल के निकट गांव कांप में लगी आग से 13 घर जलकर राख हो गए। आग गुरुवार की शाम करीब चार बजे लगी। अग्निकांड में शिवपाल के 40 हजार रुपये, शेर सिंह के 17 हजार रुपये, अनिल कुमार के 11 हजार रुपये, राजीव के 32 हजार रुपये, सुरेश के 15 हजार रुपये, मुकुंदरम के डेढ़ लाख रुपये, सोनपाल के 40 हजार रुपये, राजवीर के 20 हजार रुपये, रामसागर के 40 हजार रुपये, जसवंत सिंह के आठ हजार रुपये की नगदी घर में रखा सामान आदि जलकर नष्ट हो गया। रामहेत का 15 ट्रॉली भूसा, वही रामाधार के घर का अनाज, कपड़ा बर्तन आदि जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल बलराम राणा ने गांव पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है।

आग से राख हुए छप्पर और जला ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

शादी में शामिल होने मायके आई थी संगीता

सिंगाही। भागीरथ की बहन संगीता मायके में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए दो दिन पहले अपने बेटे सचिन के साथ आई थी। वह गुरुवार को जाने वाली, लेकिन भाभी रामगुनी और परिवार के लोगों के कहने पर वह रुक गई थी। अब उसे शुक्रवार को ससुराल वापस जाना था। इससे पहले ही लगी आग ने संगीता और उसकी भाभी रामगुनी की जान ले ली। संगीता की मौत से दो परिवारों में चीख-पुकार मची है। उसके बेटे सचिन रो-रोकर हाल बेहाल है। संगीता के चार बेटे है। सचिन सबसे छोटा है। संगीता के पति जगदीश की मौत सात वर्ष पहले हो गई थी।

30 मिनट.. राख के ढेर में बदल गया गांव, खाक हो गए सपने

संवाददाता, सिंगाही

- आग से करीब 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान
- एसडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे, पीड़ितों का जाना हाल

अमृत विचार: गांव सिंगहा खुर्द में लगी भीषण आग में अचानक चली तेज हवाओं ने घी डालने का काम किया। 29 घर 30 मिनट में ही राख के ढेर में बदल गए। घरों में पाई-पाई जोड़कर जुटाया गया सामान छोड़िए तिनका भी नहीं बचा। आग ने अग्निपीड़ितों के सारे सपने खाक कर दिए। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत और दो लोगों के झुलसने से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

दोपहर का समय था। अधिकांश लोग अपने घरों पर थे और खाना पीना खाकर आराम कर रहे थे। कुछ लोग तपती दोपहरी में खेतों में गेहूं की गहाई की जुगत में थे। दोपहर में भागीरथ के घर लगी आग ने 30 मिनट में ही एक-एक कर 29 घरों को राख के ढेर में बदल दिया। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और राजाराम, सर्वेश, जैकोरा पत्नी नान्हू, कंधई, सुरेश, गयाप्रसाद, सुनीता पत्नी शिवराज, ब्रजलाल, रामनिवास, राकेश, रघुनाथ, हरिओम, गुड्डू, श्रवण, अनिल, आशाराम, कल्लू, राधेश्याम, रामकुमार, अमित, बांके लाल, लल्ला, राकेश, रामबहादुर, होली, सहज राम के घर राख हो गए। सिलेंडर फटने से राधेश्याम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। कल्लू की छत जल गई। राकेश की गुमटी जलकर राख हो गई। बांके का इंजन, ट्रैक्टर, आनाज, कपड़ा, बर्तन, जेवर, 20 हजार रुपये समेत करीब 50 लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। अग्निपीड़ितों के सारे सपने पल भर में खत्म गए।

आग बुझने के बाद लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

> भीषण अग्निकांड में करीब 29 घर जले हैं। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हुई है, दो लोग झुलसे हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पीड़ितों को खाने-पीने और छांव के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था कराई गई है। शासन से मिलने वाली इमदाद शीघ्र दिलाई जाएगी।
> **-अश्वनी कुमार सिंह,** एसडीएम, निघासन

दुधवा में भालू को देख रोमांचित हो उठे पर्यटक

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व की विभिन्न रेंजों में जहां बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, बारहसिंघा, चीतल, पाढ़ा, काकड़,जंगली सुअर, सेही आदि अनेक दुर्लभ वन्य जीव आने वाले पर्यटकों को अक्सर दिखाई दे मन मोह लेते हैं। वहीं दुधवा में अब भालुओं भी नजर नजर आने लगे हैं। लखनऊ से आए कुछ पर्यटकों के सामने जब एक भालू वन मार्ग में जिप्सी के सामने आ गया, तो वे खुशी के मारे उछल पड़े। उन्होंने आनन फानन में उसे अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया।

पलिया होकर वापस जा रहे हैं पर्यटकों ने पलिया पुलिस चौकी के निकट चाय की दुकान पर बताया कि उनकी गाड़ी के सामने जब भालू आया तो उन्हें पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ कि दुधवा में भालू भी पाए जाते हैं। उसके और करीब पहुंचे तो उनकी शंका दूर हो गई। उनके जोर-जोर बोलने पर गाड़ी चालक एवं गाइड ने मुंह पर उंगली रख उन्हें शांत रहने का इशारा किया। इसी बीच भालू सड़क क्रॉस करता हुआ घने पेड़ों के बीच झाड़ियों में जा छिपा। फिलहाल दुधवा टाइगर रिजर्व में लगातार बढ़ रही भालुओं की संख्या देखकर डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगाराजू टी सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी बेहद खुश हैं।

दुधवा की सठियाना रेंज के एक वन मार्ग पर विचरण करता भालू।

- सठियाना और सोनारीपुर रेंज है भालुओं का मुख्य निवास स्थल

बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने रक्षा मंत्री को सौंपा पत्र

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र सौंपकर निर्वाचन कार्य में लगाए जाने वाले वाहनों का किराया बढ़ाने की मांग की है।

मनमीत सिंह ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के बाद बसों का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे करोड़ों का बकाया है। इससे बस मालिकों को काफी घाटा हो चुका है, इसलिए उनका बकाया भुगतान कराया जाए। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में प्राइवेट बसों और वाहनों को किराया निगम की बसों की भांति दिलाया जाए। साथ ही सैधरी होकर जाने वाले बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाए ताकि शहर में इंडस्ट्रियल पार्क विकसित हो सके। रक्षामंत्री ने पत्र लेकर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है।

राजनाथ ने विपक्षी दलों पर तंज कस मतदाताओं को साधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा में सपा-कांग्रेस पर तंज कस मतदाताओं को साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में देश का सम्मान बढ़ा है। दुनिया का हर देश भारत की ओर देख रहा है। भारत के विकास से अचंभित है। कहा कि अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबेध हुए हैं। पांच मुस्लिम देशों ने प्रधानमंत्री को सम्मानित किया है। कहा कि भारत के कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 4 घंटे यूक्रेन में युद्ध नरेंद्र मोदी के फोन से रुक गया और हमारे बच्चे घर वापस आ सके। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ में योग का प्रस्ताव रखा तो 172 देशों ने समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि भारत की सीमा पर हम बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास कर रहे हैं ताकि किसी अनचाही स्थिति से निपटने में सरलता हो। उन्होंने तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती पहुंच को लेकर कहा कि भारत अब सूर्य पर पहुंचने की तैयारी कर रहा है।

रक्षा क्षेत्र में भारत हुआ मजबूत : रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। श्रीराम कुटिया से निकलकर महल में पहुंच चुके हैं। कांग्रेस ने चीन बार्डर पर सिर्फ इसलिए सड़क नहीं बनाई, क्योंकि उन्हें डर था कि चीन घुसपैठ कर देगा। भाजपा की सरकार में चीनी बार्डर पर सड़क बनकर तैयार हो गई है । यदि कोई चीन से घुसने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकाल में हम मिसाइल, बम, हथियार सब दूसरे देशों से खरीदते थे। आज हमारी सेनाएं बहुत मजबूत हुई हैं। हम गोला-बारूद, मिसाइल, हथियार सब भारत में बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने कहा था कि जिस दिन हमें संसद के दोनों सदनों हमें स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा, उस दिन चुटकी बजाकर धारा 370 को खत्म कर देंगे। धारा 370 खत्म हो गई।

ये भी रहे मौजूद : सीतापुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, संयोजक विनीत मनार, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला महामंत्री आशू मिश्रा , संतोष कुमारी, कुलभूषण सिंह, रश्मि गुप्ता, पुष्पा सिंह, वीरेन्द्र शुक्ला, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, दिव्या सिंह, कीर्ति महेश्वरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष गोला मीनाक्षी अग्रवाल, बद्री प्रसाद मौर्या, मो. कय्यूम अध्यक्ष, केबी गुप्ता आदि।

रक्षा मंत्री को सम्मानित करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

क्षत्रिय, मारवाड़ी समेत विभिन्न समाज के लोगों ने किया स्वागत

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह आदि ने क्षत्रिय समाज की ओर से तो मारवाड़ी समाज की ओर से विजय माहेश्वरी, पंजाबी समाज, वैश्य समाज सहित विभिन समाज के लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर रक्षामंत्री का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह दिए।

इन्होंने भी किया संबोधित

प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा, धौरहरा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, स्नातक एमएलसी अवनीश वर्मा, विधायक सदर योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्या आदि।

जनसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सुनने बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

जनता की 55 फीसदी संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

विलोबी मैदान में जनसभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस की नजर जनता की 55 फीसदी संपत्ति पर है। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि आठ-नौ सालों के बाद बच्चे भी सपा का नाम भूल जाएंगे। रक्षा मंत्री ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अमेरिका के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस को घेरा। कहा कि सैम पित्रोदा यहां पर कांग्रेस की सरकारों में सलाहकार रहे और आज भी कांग्रेस संगठन में भी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसी व्यवस्था भारत में लागू कर देना चाहिए। मतलब यदि परिवार में किसी मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो 55 फीसदी संपत्ति सरकार के कब्जे में आ जाएगी। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आपको मंजूर है? उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा कि ये देश को कहां ले जाना चाहते हैं? हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

फेल छात्रों को पास होने का मिलेगा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एक विषय में फेल परीक्षार्थी दे सकेंगे कंपार्टमेंट परीक्षा
- जुलाई माह में होगा कंपार्टमेंट परीक्षा का आयोजन

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्र छात्राओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हाईस्कूल और इंटर पास होने के लिए उन्हें एक और मौका मिलेगा। यूपी बोर्ड इन छात्रों के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा कराएगा, जो जुलाई में होगी।

यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल को घोषित किया। इन दोनों कक्षाओं में 18461 छात्र छात्राएं फेल हुए हैं। बोर्ड ने फेल छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए एक अंतिम मौका देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बोर्ड जुलाई माह में कंपार्टमेंट परीक्षा कराएगा। इस परीक्षा में वही छात्र छात्राएं शामिल हो सकेंगे, जो किसी एक विषय में फेल होगें। हालांकि अभी स्क्रूटनी के माध्यम से उन परीक्षार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं, जो मिले नंबरों को लेकर असंतुष्ट हैं और अपनी उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराना चाहते हैं। इसके लिए 14 मई तक आवेदन मांगे गए हैं। जिसका शुल्क 500 रुपये है। इसके बाद कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन मांगे जाएंगे।

> एक विषय में फेल छात्र छात्राएं निराश बिल्कुल न हों। बोर्ड की ओर से उन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा का एक अंतिम अवसर मिलेगा। यह परीक्षा जुलाई में कराई जाएगी। स्क्रूटनी के बाद कंपार्टमेंट परीक्षा की तारीख निर्धारित होगी।
> **-डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल,** मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

हाईस्कूल में 9019 व इंटर में फेल हुए 9442 परीक्षार्थी

जिले में 137 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा हुई थी। इसके लिए कुल 97815 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 92605 छात्र छात्राओं ने ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दी थी। रिजल्ट आने पर कुल 18461 परीक्षार्थी फेल हुए हैं। इन दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में किसी एक विषय में फेल छात्रों को पास होने के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा देने की अवसर मिलेगा।

गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **राजकुमार** जो दिमागी रूप से कमजोर है दिनांक 22.04.2024 को सुबह करीब 8 बजे नारायन नगला ईट भट्ठा, थाना बहेड़ी जनपद बरेली से कहीं चला गया, जो अभी तक लौटकर नहीं आया है। यदि किसी भी व्यक्ति को दिखे या मिले तो तुरन्त निम्न पते पर सूचित करने का कष्ट करें।

हुलिया : रंग सांवला, उम्र लगभग 35 वर्ष, कद 5 फुट 8 इंच, काली सफेद धारीदार कमीज व हल्के नीले रंग की जीन्स, पहने हुए है।

अमृता देवी पत्नी रामस्वरूप निवासी अधकटा थाना बरखेड़ा, पीलीभीत। मो. 8218347491

बिजली कनेक्शन काटे

महंगापुर। बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत बकाया जमा न करने पर पांच कनेक्शन काटे और 50 हजार रुपये की बकाया वसूली। पलिया डिवीजन क्षेत्र के महंगापुर उप विद्युत केंद्र के महंगापुर, मंसूरी फार्म, पंजाब घाट, बरेली फार्म सहित कई गांव मे एसडीओ संजय कुमार, अवर अभियंता महंगापुर, टीजीटू, शिवम बाजपेई, शिवम मिश्रा आदि ने पांच कनेक्शन काटे और बकाएदारों से 50 हजार रुपये की बकाया जमा कराई।

कृपा करो गौरीलाल, कर दो मालामाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: चैती मेला में उत्तराखंड के कपिल बाबरा ग्रुप के कलाकारों ने नृत्य और सजीव झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला में कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरजनलाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि सीजीएनपीजी कालेज के पूर्व अध्यक्ष विजय बाजपेयी, सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी, समाजसेवी अयोध्या प्रसाद दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कपिल बाबरा ग्रुप उत्तराखंड द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत कलाकार शानू आर्या, सौरभलाल, प्रदीप चैनवाल ने गणेश वंदना कर की- देवा श्री गणेशा देवा श्रीगणेशाय, कृपा करो गौरीलाल, कर दो मालामाल।

बृजेश बाबरा ने नमामि गंगे की प्रस्तुति दी- मानो तो मैं गंगा मां हूं न मानो तो बहता पानी। उन्होंने हाथ से गंगा की धार निकलने का दृश्य और मां गंगा की आरती दिखाई, तो दर्शक मंत्रमुग्ध होकर मां गंगा के जयकारे लगाने लगे। अनिल तूफानी, दिव्या, प्रिंशी, अंजली, गुनगुन कलाकारों ने अयोध्या में विराजमान श्रीरामलला की आकर्षक मनोहारी झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। आकाश, शिवन्या, प्रदीप, मनीश भारद्वाज, कपिल बाबरा द्वारा राजस्थानी मारवाड़ी नृत्य, अग्निचक्र की प्रस्तुति- जबसे सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, हो गई मेरी बल्ले बल्ले, वो तो रहता मेरे हर पल साथ पर अद्भुत कला बिखेरी।

सजी श्रीराम की झांकी।

- चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा ग्रुप ने दिखाई झांकियां

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर मयूर नृत्य पेश करते कलाकार। ● अमृत विचार

मेरा रंग दे बसंती चोला, मेरा रंग दे बसंती चोला

आजादी को चली बढ़ाने दीवानों की टोलियां, मेरा रंग दे बसंती चोला पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को देशभक्ति में सराबोर कर दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया। इस दौरान संजय तिवारी, विकास मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, अमित गुप्ता, रज्जन खान, आशीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

चैती मेला में कुलहिंद मुशायरा आज

छोटी चैती मेला में कुलहिंद मुशायरा रात्रि आठ बजे से होगा। मुशायरा आयोजक डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि नदीम फर्रुख (लखनऊ), हासिम फिरोजाबादी, शबीना अदीब (कानपुर), मोहन मुन्तजिद (नैनीताल), दमदार बनारसी, प्रतिभा यादव (बलिया), अल्ताफ जिया (मुम्बई), अज्म साकिरी (दिल्ली), नौशाद अनगढ़ (सम्बल) को कुलहिंद मुशायरा के लिए आमंत्रित किया गया है।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

टेनी ने लाव-लश्कर के साथ दाखिल किया नामांकन का एक और सेट

खीरी सीट पर 12, जबकि धौरहरा के लिए 16 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

रोड शो कर नामांकन कराने जाते भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः चौथे चरण में खीरी और धौरहरा सीट पर नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को दोनों सीटों पर 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। खीरी से भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लाव-लश्कर के साथ एक और सेट दाखिल किया। वहीं धौरहरा से सपा प्रत्याशी और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने भी नामांकन के दो सेट और दाखिल किए। इस तरह अंतिम दिन खीरी सीट से आठ प्रत्याशियों ने, जबकि धौरहरा से सात प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। अब तक खीरी सीट से 12 प्रत्याशियों ने, जबकि धौरहरा सीट से 16 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है।

खीरी से भाजपा प्रत्याशी टेनी के समर्थन में विलोबी मैदान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा हुई। पश्चात सभा जुलूस में बदल गई। यहां से सबसे आगे खुली कार पर भाजपा प्रत्याशी टेनी, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी सवार हुए। गाजे-बाजे और नारेबाजी के साथ काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां से समर्थकों, प्रस्तावकों और जिलाध्यक्ष व विधायकों के साथ भाजपा प्रत्याशी ने कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन पत्र का एक और सेट दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। खीरी सीट से राष्ट्रीय विकल्प पार्टी से मुकेश कुमार, जनता क्रांति पार्टी (राष्ट्रवादी) से दरबारी उर्फ दरवारी लाल चौहान, राष्ट्रीय आजाद पार्टी से खंजन, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से ओमनाथ, उप्र रिपब्लिकन पार्टी से कु. पंचशील आनंद और नारी नर रक्षक पार्टी से विजय पाल और निर्दलीय सतेंद्र कुमार मौर्या ने नामांकन दाखिल किया।

उधर, धौरहरा सीट से सपा से आनंद भदौरिया ने जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल आदि के साथ जाकर नामांकन के दो सेट दाखिल किया। क्षेत्र से अखिल राष्ट्रवादी पार्टी से नरेंद्र कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सकसेन, भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी से जनार्दन प्रसाद, नारी नर रक्षक पार्टी से ब्रजलाल और निर्दलीय समरेंद्र कुमार व विजय कुमार तिवारी ने नामांकन कराया।

नामांकन पत्रों की जांच आज

26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल को नाम वापस का समय निर्धारित किया गया है। नाम वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल कर दी जाएगी। इसके बाद 13 मई को मतदान कराया जाना है।

पेड़ की शाखा टूट कर गिरी, हादसा टला

निघासन, अमृत विचारः रमियाबेहड़ के बंगाली कालोनी में चल रहे दो दिवसीय संकीर्तन महानाम यज्ञ कार्यक्रम के दूसरे दिन दोपहर मंदिर परिसर में लगे जामुन के पेड़ की एक बड़ी शाखा तेज हवा के चलते अचानक टूटकर आ गिरी, जिससे संकीर्तन कार्यक्रम के पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही किकिसी को कोई चोट नहीं आई। तब प्रसन्न होकर बंगाली समाज के श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्णा का जय घोष किया।

हरे राम हरे कृष्णा संकीर्तन महानाम यज्ञ में उमड़ी भीड़

संवाददाता, निघासन

हरे राम हरे कृष्णा संकीर्तन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचारः रमियाबेहड़ के बंगाली कॉलोनी में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित बंगाली समाज के जो दिवसीय संकीर्तन महानाम यज्ञ में दूसरे दिन बड़ी संख्या में भीड़ रही। संकीर्तन गायन के लिए पीलीभीत, पूरनपुर, बहराइच व उत्तराखंड से पहुंचे महिला और पुरुष गायक कलाकार ढोलक की थाप पर नृत्य करते हुए हरे राम हरे कृष्णा भजन कर रहे हैं।

रमियाबेहड़ की बंगाली कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर में कई सालों से संकीर्तन महानाम यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस बार भी दो दिवसीय आयोजन किया गया। संकीर्तन के लिए पीलीभीत, बहराइच, उत्तराखंड समेत कई जगहों से महिला व पुरुषों की टोली पहुंची और संकीर्तन किया।

- पीलीभीत, पूरनपुर, बहराइच और उत्तराखंड के कलाकार आए

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सार-संक्षेप

शत प्रतिशत मतदान के लिए विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

भीरा। स्मृति पीजी कॉलेज में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्राचार्य डॉ. बीडी शुक्ल ने शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं ने बेहतर और स्वस्थ सरकार बनाने के लिए अपने मतों का प्रयोग करने की शपथ ली। प्राचार्य ने कहा कि आप सभी को निर्भीकता और बगैर लोभ लालच के मतदान करना चाहिए। ऐसे मतदाता जो शारीरिक दुर्बलता या अन्य किसी कारणवश अपने मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाता है तो उनको मतदान केंद्र तक पहुंचने की जिम्मेदारी का निर्वहन करें, जिससे वह भी अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने प्रथम बार वोट डालने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान डॉ. दिगेंद्र सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, सुरेश सिंह, लक्ष्मी देवी, अमित कुमार तिवारी, शेर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रियाजउल्ला खान बने सपा के जिला उपाध्यक्ष

गोला गोकर्णनाथ। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नगर के गढ़ी मोहल्ला निवासी रियाजउल्ला खान उर्फ बन्ने प्रधान को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, रियाजउल्ला खान काफी समय से समाजवादी पार्टी के लिए सक्रिय रहकर कार्य कर रहे हैं। उनकी निष्ठा, समर्पण और लगन को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। आशा व्यक्त की है कि वह जिला उपाध्यक्ष पद पर रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं को नई दिशा और लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे।

मिसेज यूनिवर्स इंडिया बनने पर मुक्ति भार्गव का सम्मान

लखीमपुर खीरी। मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल-2024 का खिताब डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव की पत्नी मुक्ति भार्गव को मिला है। इसके लिए इंटरनेशनल शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा में 13 अप्रैल को हुआ था। फिल्म अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने क्राउन पहनाकर सर्टिफिकेट व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुक्ति भार्गव इससे पहले भी कई अवार्ड शो जीत चुकी हैं। मुक्ति भार्गव मूल रूप से लखनऊ निवासी हैं और लखीमपुर में अपने पति डिप्टी सीएमओ के साथ रह रही हैं। शहर के एक होटल में समारोह आयोजित कर मुक्ति भार्गव को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति परीक्षा में 318 बच्चे चयनित

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना का परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। इसमें जिले के 318 बच्चे चयनित हुए हैं। इन बच्चों को कक्षा नौ से लेकर 12 तक हर माह एक एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। डीआईओएस कार्यालय के अभय अग्निहोत्री ने बताया कि शासन स्तर से हर साल आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित होती है। इसके लिए कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्र आवेदन करते हैं। इस बार जिले से 3039 छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था। वहीं छात्रवृत्ति के लिए जिले का कोटा 318 निर्धारित था। निर्धारित सभी सीटों पर चयन होने से जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 अगस्त से 28 सितंबर तक चली थी। इसके बाद पांच नवंबर को परीक्षा हुई, जिसका परिणाम बुधवार को जारी हो गया।

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

कुंडल छीन भागे युवक को सिर मूंडकर पुलिस को सौंपा

आरोपी के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज, मोहल्ला सिकटिहा में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

आरोपी की पिटाई कराने के बाद सिर मुंडवाते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचारः शहर के मोहल्ला सिकटिहा में अपनी परचून की दुकान में बैठी महिला के कुंडल नोचकर बाइक से भाग रहे युवक को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। बाद में सिर मुंडवाकर पुलिस को सौंप दिया।

मोहल्ला सिकटिहा निवासी मधु मिश्रा की मोहल्ले में ही परचून की दुकान है। गुरुवार को वह दुकान पर बैठी थी। तभी एक युवक आया और गुटखा मांगने लगा। महिला के गुटखा देते ही युवक ने कान पर झपट्टा मार दिया और कुंडल नोच कर बाइक से भागने लगा। शोर शराबा होने पर तमाम लोग मौके पर आ गए और आरोपी युवक को घेरकर

● **अपनी किराने की दुकान पर बैठी महिला का कुंडल नोचा**

पकड़ लिया। इस दौरान भीड़ जुट गई। नाराज लोगों ने पहले उसकी पिटाई की। फिर उसे नाई की दुकान पर ले गए और सिर पर चौराहा बनवाया। इसके बाद मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सोनू बिहार के खगड़िया मदारपुर का रहने वाला है। उसके पास से कुंडल, एक मोबाइल, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लूट की धारा में दर्ज कर ली है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

मछली पकड़ रहे युवकों ने दंपती को पीटकर किया घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : गेहूं के बोझ में बंधे जूने को खेत में जलाने का विरोध करना एक दंपती को महंगा पड़ गया। खेत के बगल से निकली नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने विरोध कर रहे खेत मालिक और उसकी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना सदर कोतवाली के गांव रंगीला नगर की है। गांव निवासी रुकसाना ने बताया कि वह अपने पति महबूब खान और देवर कासिम के साथ खेत में गेहूं की गहाई कर रही थी। रात करीब 11.00 पड़ोस से निकली उल्ल नदी में गांव के ही जलीस पुत्र मजीद, जमील व रहीश व इश्तियाक मछली पकड़ रहे थे, जो रात में गेहूं के बोझ में बंधे जूने को काट कर जलाने लगे। महिला का आरोप है कि उसने यह कहते हुए जूना जलाने से मना किया कि आग लग जाएगी और खेत में पड़ा गेहूं जल जाएगा। इस पर आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करते हुए उसे और उसके पति की पिटाई कर दी। महिला के सिर पर बांका से हमला कर दिया।

दंगल में पहलवानों के दांव-पेच देख लोग दंग

पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती शुरू कराते चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा।

मोहम्मदी, **अमृत विचार :** उर्स ए जाकरी खाकसारी जाकरी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विराट दंगल का नगर पालिका चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा और सभासदों ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर शुभारंभ किया। पहली कुश्ती कालू बनाम नकाब पोश की हुई। उसके बाद गुड्डू पहलवान गोरखपुर, बाबा बालक नाथ हनुमानगढ़, फुरकान गाजी सीतापुर, नकाब पॉश महाराष्ट्र, सुमित हरियाणा, राजन गाजियाबाद, जावेद गनी जम्मू कश्मीर, रिजवान गनी जम्मू कश्मीर, कालू राजस्थान, राहुल दिल्ली, सोनू पंजाब, गोलू बनारस, नवीन हिमाचल सहित सभी ने दंगल में पहलवानों ने दांव पर दांव लगाए और अपनी ताकत दिखाई। इलियास अली, कादिर अली, मो सलमान, रियाज मियां पाल, तौसीफ अली सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। दंगल देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

फॉर्च्यूनर न मिलने पर विवाहिता को घर से निकला, रिपार्ट दर्ज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **किराये के मकान में अकेला छोड़कर चला गया पति**

अमृत विचारः दहेज में फॉर्च्यूनर की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पहले घर से निकालकर किराये के मकान में कुछ दिन रहने के बाद पति छोड़कर चला गया। विवाहिता की तहरीर पर पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

नगर की शंकर आवास कॉलोनी निवासी अजय कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री प्राची कनौजिया का विवाह दयाल रेजिडेंस कॉलोनी अयोध्या रोड लखनऊ निवासी अंकित वर्मा के साथ यथाशक्ति दान दहेज देकर किया था। शादी के बाद दामाद अंकित वर्मा, सास साधना वर्मा और ननद श्रेया वर्मा संतुष्ट नहीं थीं और फॉर्च्यूनर कार की मांग करते हुए प्राची को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। 29 मार्च को ससुरालियों ने पुत्री को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन अंकित वर्मा गोमती नगर में किराए के मकान में प्राची के साथ रहने चला गया। कुछ दिन किराये के मकान में रहने के बाद अंकित कंपनी के कार्य का बहाना बनाकर उसे अकेला छोड़कर कहीं चला गया। कई दिनों तक वापस न आने पर प्राची ने मायके में सूचना दी। 23 अप्रैल को वह अपनी पुत्री को गोला ले आए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

नेपाल सीमा पर कोल्ड ड्रिंक व खाद्य सामग्री बरामद

संपूर्णानगर, अमृत विचार : एसएसबी ने नेपाल सीमा पर चौकी आजाद नगर के निकट अवैध रूप से ले जाई जा रही कोल्ड ड्रिंक व अन्य खाद्य सामग्री पकड़कर कस्टम कार्यालय पलिया को सौंपा है। आजादनगर एसएसबी चौकी के उपनिरीक्षक पासांग , मिलन बाजार के सामने अन्तर्राष्ट्रीय स्तम्भ संख्या 769 के पास जंगल के रास्ते पर जवानों संग गस्त कर रहे थे। इसी दौरान कुछ नेपाली बाइकों से बड़ी मात्रा में शीतलपेय पदार्थ व अन्य खाद्य सामग्री लेकर नेपाल जाते दिखाई दिए। एसएसबी जवानों ने उन्हें रोककर पूछतांछ की और पकड़े गए नेपालियों को मय बाइक, हजारों की कोल्ड ड्रिंक व अन्य खाद्य सामान सहित बसही चौकी भेज दिया।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **देशी बंदूक समेत तमंचा बनाने के उपकरण बरामद**

अमृत विचारः थाना शारदानगर पुलिस ने गांव भरतपुर के निकट शारदा नदी पर बनी ठोकर के पास छापा मारा और तीन लोगों को अवैध शस्त्र बनाते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से देसी बंदूक, कई तमंचे, असलहा बनाने के उपकरण आदि सामान बरामद किया है।

एसओ बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव भरतपुर के निकट शारदा नदी पर बनी ठोकरों के पास कुछ लोग अवैध शस्त्र बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापा मारा। थाना शारदानगर के गांव महादेव निवासी कमाल अहमद, नुरुद्दीन और थाना निघासन के गांव हरसिंहपुर निवासी सज्जन अली को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 315 बोर की देशी बंदूक, एक 315 बोर की अद्धी, पैनिया बंदूक, कई तमंचा, अधबने तमंचा, नौ लोहे की नाल, पेचकस, रेती, बाडी कील, 12 बोर के 14 व 315 बोर का एक कारतूस आदि बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि कमाल पर हत्या धौरहरा, नूरुद्दीन के खिलाफ कोतवाली धौरहरा में हत्या समेत तीन मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं सज्जन सिंह के खिलाफ कोतवाली सदर में आर्म्स एक्ट और थाना ईसनगर में चोरी का एक मामला दर्ज है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी आरोपियों का चालान भेजा है।

बोलेरो- ई रिक्शा में भिड़ंत बोलेरो चालक का सिर फोड़ा

संवाददाता, मैगलगंज

● **टोल टैक्स बचाने के प्रयास में चक मार्ग पर हुआ हादसा**

● **घायल चालक की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचारः मैगलगंज नेशनल हाईवे पर चपरतला टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को बचाने के चक्कर में चकमार्ग से निकलते समय बोलेरो व ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। ई रिक्शा सवार स्थानीय लोगों ने बोलेरो सवार लोगों के साथ मारपीट की। बोलेरो चालक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल चालक की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

बुधवार की शाम हरदोई जनपद के अमिरता गांव निवासी सत्यपाल अपनी बोलेरो से शाहाबाद क्षेत्र के सुजनियापुर गांव से कुछ लोगों को लेकर मैगलगंज क्षेत्र के धर्मपुर गांव जा रहे थे। चपरतला टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बचाने के चक्कर में वह बोलेरो को चकमार्ग पर होकर निकाल रहे थे। तभी चकमार्ग पर निकल रहे ई रिक्शा और बोलेरो में टक्कर हो गई। बोलेरो चालक मौके से निकलकर चपरतला तिराहे पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तभी ई रिक्शा सवार दो लोगों ने बोलेरो को रोककर उसके चालक सत्यपाल की पिटाई शुरू कर दी। डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। बीच बचाव कर रही बोलेरो सवार महिला को भी हमलावरों ने पीटा और बोलेरो का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया।

पुलिस को आते देख आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घायल सत्यपाल को सीएचसी में भर्ती कराया है। बोलेरो सवार महिला ने ई रिक्शा सवार दो लोगों पर अभद्रता व लूटपाट का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि लूटपाट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। बोलेरो व ई रिक्शा में टक्कर हो गई थी जिसके चलते दोनों वाहन सवार लोगों में मारपीट हुई थी। बोलेरो चालक की तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रेलवे ट्रैक पर ग्रामीण का मिला शव, शिनाख्त नहीं

मैगलगंज, अमृत विचार : सीतापुर-शाहजहांपुर रेलवे ट्रैक पर रहजनिया गांव के पास गुरुवार सुबह 50 वर्षीय ग्रामीण का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुरुवार की सुबह स्टेशन मास्टर सत्येंद्र कुमार ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई कि मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के रहजनिया गांव के पास स्थित सीतापुर शाहजहांपुर रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन उसकी शिनाख्त से संबंधित कुछ भी बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने आस पड़ोस के ग्रामीणों को बुलाकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि आशंका है कि मृतक किसी ट्रेन से सफर करते समय नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। शव की उम्र करीब 50 साल है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शबीना को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी संक्रमणीय भूमि व रिहायशी मकान सहित समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जाफर अली शाह पुत्र शमशाद अली शाह निवासी ग्राम लाडपुर उस्मानपुर थाना हाफिजगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित वर्मा उर्फ जय प्रकाश व उसकी पत्नी करिश्मा वर्मा उर्फ मिलन को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर दयाल वर्मा, निवासी चक महमूद चक्की वाली गली नवादा जोगियान थाना बारादरी, बरेली।**

REQUIREMENT
Teachers Required
for All Subjects
Experienced Teacher prefer
Global Public School
NC to VIII (English Medium)
Rupapur, Badhepura,
Bhandsar Road, Bareilly
M-9761135783, 7078807486

सूचना
मेरे पति श्रेयांश तोमर ने गलत संगति एवं कुकृत्यों के कारण समाज के बहुत से संभ्रान्त लोगों को अपने झूठे जाल में फसाकर ठग लिया लिया है अतः मैंने एवं मेरे माता-पिता एवं समस्त मायके वालों ने श्रेयांश तोमर व इनके परिवार से सदैव के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। श्रेयांश तोमर के कृत्यों की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। **साक्षी चौहान पुत्री श्री रामदेव सिंह चौहान पत्नी श्री श्रेयांश तोमर निवासी हाल तिरूपति स्टेट, थाना सुभाषनगर, बरेली**

सूचना
मेरे पिता का सही नाम Jagadish Shivram Bagul व जन्मतिथि 10-04-1964 नाकि Jagadish व जन्मतिथि 01-07-1963 और मेरी माता का Latabai Jagadish Bagul व जन्मतिथि 01-06-1966 है नाकि Lata Bai व जन्मतिथि 01-07-1966। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में सही करें। 15712605M L/Nk Bagul Dipak Jagadish, R/o Bambarud Tal. Pachora, Bambarud Kh. Pr. Pachora Jalgaon, Maharashtra.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

गोला गोकर्णनाथ। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनिया निवासी प्रित्यांश सक्सेना (17) पुत्र राजेश सक्सेना और नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी पुत्तूलाल (60) सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर भांपकर पुत्तूलाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एक फेरे के लिए कल चलेगी वाराणसी दिल्ली स्पेशल

